एम्स के डॉ. विक्रम वट्टी ने अमेरिका में फेफड़ा प्रत्यारोपण का विशेष प्रशिक्षण पूर्ण किया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एम्स के कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विक्रम वट्टी ने अमेरिका के प्रतिष्ठित वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में फेफड़ा प्रत्यारोपण संबंधी विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर संस्थान की विशेषज्ञता को नई दिशा दी है। यह प्रशिक्षण वेंडरबिल्ट लंग ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के सर्जिकल निदेशक एवं थोरेसिक सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. कोनराड होएट्सेनेकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. वट्टी ने फेफड़ा प्रत्यारोपण से जुड़ी विभिन्न उन्नत प्रक्रियाओं का गहन अध्ययन किया। इसमें अंग प्राप्ति की प्रक्रिया, मरीजों का मूल्यांकन एवं चयन, शल्य तकनीकें,बहु-विषयक चिकित्सा टीमों का समन्वय तथा प्रत्यारोपण के बाद मरीजों की देखभाल जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं शामिल रहीं। उन्होंने फेफड़ा प्रत्यारोपण कार्यक्रम की कार्यप्रणाली को भी निकट से समझा। वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर अमेरिका के प्रमुख फेफड़ा प्रत्यारोपण केंद्रों में से एक माना जाता है, जहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में सफल प्रत्यारोपण प्रक्रियाएं की जाती हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करना एम्स भोपाल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों और वैश्विक उपचार मानकों की समझ मजबूत होती है। एम्स को पहले ही फेफड़ा प्रत्यारोपण सेवाएं शुरू करने की अनुमति मिल चुकी है।

ऐसे में यह प्रशिक्षण भविष्य में संस्थान में इस जटिल चिकित्सा सेवा को प्रभावी रूप से विकसित करने और गंभीर फेफड़ों की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को उन्नत उपचार उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। संस्थान के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर ने इस उपलब्धि पर डॉ. वट्टी को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण एम्स भोपाल की विशेषीकृत चिकित्सा सेवाओं को और सुदृढ़ करेगा तथा मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाला उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मिठाइयों से हटेगा चांदी का वर्क उज्जैन प्रशासन ने शुरू की नई पहल

नप्र,उज्जैनः मिठाइयों पर लगाए जाने वाले चांदी के वर्क के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की दिशा में उज्जैन प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में अधिकारियों को मिठाई विक्रेताओं और कैटरिंग व्यवसायियों के साथ बैठक कर उन्हें चांदी के वर्क के संभावित दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बाजार में उपलब्ध चांदी के वर्क की शुद्धता को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। मिलावटी या नकली वर्क स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में पहले इसके उपयोग को न्यूनतम किया जाए और भविष्य में इसे पूरी तरह बंद करने की दिशा में प्रयास किए जाएं। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को त्योहारों का इंतजार किए बिना पूरे वर्ष नियमित रूप से खाद्य पदार्थों के नमूने लेने और जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत दत्त शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025-26 में विभाग ने 420 नमूनों के लक्ष्य के मुकाबले 513 नमूने लेकर 122 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। वहीं, एक अप्रैल से 20 जून 2026 तक भी 90 खाद्य नमूने जांच के लिए भेजे जा चुके हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मिलावटी चांदी के वर्क में एल्युमिनियम, सीसा और अन्य भारी धातुओं की मिलावट हो सकती है, जिससे लिवर, किडनी और पाचन तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। प्रशासन अब जागरूकता और नियमित जांच के जरिए खाद्य सुरक्षा को और मजबूत करने की तैयारी में है।

आईसेक्ट इंडिया का सामाजिक 'सिक्सर',हर 100 रन पर मुफ्त शिक्षा और क्रिकेट किट

नप्र, भोपालः मध्यप्रदेश लीग 2026 में आईसेक्ट इंडिया द्वारा उतारी गई रॉयल निमाड़ ईगल्स टीम इस वर्ष मैदान पर प्रदर्शन के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का भी मजबूत संदेश दे रही है।

खेल और सामाजिक सरोकारों को एक साथ जोड़ते हुए आईसेक्ट इंडिया ने रॉयल निमाड़ ईगल्स टीम के साथ दो विशेष सोशल इनिशिएटिव्स की शुरुआत की है, जिनका उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना और निमाड़ क्षेत्र में क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। इन पहलों के अंतर्गत, एमपीएल 2026 में किसी भी टीम द्वारा बनाए गए प्रत्येक 100 रन पर मध्यप्रदेश की बालिकाओं को आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह के विश्वविद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। यह पहल प्रदेश की बेटियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और शिक्षा के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इसी प्रकार, रॉयल निमाड़ ईगल्स टीम द्वारा बनाए गए प्रत्येक 100 रन पर निमाड़ क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट किट वितरित की जाएंगी।

इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों को संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करना और जमीनी स्तर पर क्रिकेट संस्कृति को मजबूत बनाना है।

आईसेक्ट इंडिया के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने इन पहलों पर कहा, 'आईसेक्ट इंडिया हमेशा से शिक्षा, कौशल और सामाजिक सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता मानता आया है। रॉयल निमाड़ ईगल्स के माध्यम से हम केवल क्रिकेट टीम नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं।

एमपीएल में हर 100 रन को बेटियों की शिक्षा और निमाड़ में क्रिकेट के विकास से जोड़ना हमारे लिए खेल को समाज परिवर्तन के माध्यम के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें विश्वास है कि यह पहल न केवल युवाओं को प्रेरित करेगी, बल्कि शिक्षा और खेल—दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेगी।

नई वैगन डिज़ाइन नीति से भारतीय रेल माल परिवहन में बड़े बदलाव की तैयारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रेलवे बोर्ड ने वैगन डिज़ाइन नीति में बड़े सुधारों को मंजूरी दी है, जिसके तहत नई नीति अगले 15 दिनों के भीतर जारी की जाएगी। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में इस नीति पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में रेल राज्य मंत्री, आरडीएसओ महानिदेशक और रेलवे बोर्ड के सदस्य भी मौजूद रहे। नई नीति का मुख्य उद्देश्य उद्योगों को उनकी जरूरतों के अनुसार वैगन डिज़ाइन करने की स्वतंत्रता देना है, जिससे माल परिवहन अधिक कुशल और आधुनिक बन सके। विशेष रूप से सीमेंट, स्टील कॉइल्स और अन्य वस्तुओं के लिए अनुकूल वैगन विकसित करने पर जोर दिया गया है। इन वैगनों की सुरक्षा और मानक सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आरडीएसओ और सीसीआरएस की होगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, वस्तु-विशिष्ट वैगनों से लोडिंग और अनलोडिंग प्रक्रिया आसान होगी तथा रेल लॉजिस्टिक्स की दक्षता बढ़ेगी। इससे उद्योगों को सड़क परिवहन की बजाय रेल को अपनाने में मदद मिलेगी। रेल परिवहन को लगभग 90 प्रतिशत अधिक पर्यावरण-अनुकूल बताया गया है, जिससे डीजल पर निर्भरता कम होगी और कार्बन उत्सर्जन घटेगा। यह सुधार भारतीय रेल को एक आधुनिक, ग्राहक-केंद्रित और नवाचार-आधारित माल परिवहन प्रणाली के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

300 दिन की ईएल का मिलेगा नकदीकरण कर्मचारी खुद कर सकेंगे राशि का आकलन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के अर्जित अवकाश नकदीकरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और एकरूप बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब कर्मचारी सेवानिवृत्ति अथवा सेवाकाल के दौरान मृत्यु की स्थिति में मिलने वाली अर्जित अवकाश नकदीकरण राशि का अनुमान स्वयं लगा सकेंगे। इसके लिए गणना का स्पष्ट सूत्र जारी किया गया है, जिसे सभी विभागों और कार्यालयों में अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा।

नए आदेश के अनुसार किसी भी कर्मचारी को अधिकतम 300 दिनों के अर्जित अवकाश का ही नकदीकरण लाभ मिलेगा। यदि किसी कर्मचारी के खाते में 300 दिनों से अधिक अर्जित अवकाश उपलब्ध है, तब भी भुगतान केवल 300 दिनों तक सीमित रहेगा।

वित्त विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी कर्मचारी ने पूर्व में किसी अवसर पर अर्जित अवकाश नकदीकरण का लाभ लिया है, तो जितने दिनों का भुगतान पहले हो चुका है, उसे 300 दिनों की अधिकतम सीमा में से घटाया जाएगा।

इस प्रकार किसी कर्मचारी को कुल मिलाकर 300 दिनों से अधिक अर्जित अवकाश नकदीकरण का लाभ नहीं मिलेगा।

सरकार के इस निर्णय को शासकीय कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है। लंबे समय से विभिन्न विभागों में अर्जित अवकाश नकदीकरण की गणना को लेकर अलग-अलग प्रक्रियाएं अपनाई जा रही थीं, जिससे भ्रम और विवाद की स्थिति बनती थी। नए दिशा-निर्देशों के लागू होने के बाद पूरे प्रदेश में एक समान व्यवस्था लागू होगी और भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी।

वित्त विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालय प्रमुखों को कर्मचारियों के अर्जित अवकाश का अभिलेख व्यवस्थित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही यह भी कहा गया है कि नकदीकरण की गणना निर्धारित नियमों के अनुसार ही की जाए, ताकि भुगतान में अनावश्यक विलंब अथवा त्रुटि की संभावना न रहे।

नई व्यवस्था लागू होने के बाद कर्मचारी अपनी संभावित अर्जित अवकाश नकदीकरण राशि का पहले से अनुमान लगा सकेंगे। इससे गणना संबंधी त्रुटियों में कमी आएगी, भुगतान को लेकर होने वाले विवाद कम होंगे तथा सभी विभागों में समान नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों में भी अधिक पारदर्शिता आएगी।

सरकार के अनुसार अर्जित अवकाश नकदीकरण वह व्यवस्था है, जिसके अंतर्गत सेवाकाल में उपयोग न किए गए अर्जित अवकाश के बदले कर्मचारी को सेवानिवृत्ति अथवा सेवाकाल के दौरान मृत्यु की स्थिति में नकद राशि प्रदान की जाती है।

यह राशि कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभों का महत्वपूर्ण हिस्सा होती है और अनेक मामलों में इसकी राशि लाखों रुपये तक पहुंचती है।

नए दिशा-निर्देशों का उद्देश्य इस पूरी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सभी विभागों में एक समान बनाना है।

कार्यालय नगर पालिक निगम,रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 1824/न.पा.नि./राजस्व/2026-27 रीवा, दिनांक 25/06/2026

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक-6 विवेकानन्द नगर जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक 2/137 कुल क्षेत्रफल 1549.44 वर्गफिट श्री नीरज कुमार पाण्डेय पिता श्री बाला प्रसाद पाण्डेय निवासी अरुण नगर रीवा (म.प्र.) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री कमलेश कुमार साहू पिता श्री शुभलाल साहू निवासी ग्राम पोस्ट डगरदुआ तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 21.05.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड क्रमांक 2/137, के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्री नीरज कुमार पाण्डेय पिता श्री बाला प्रसाद पाण्डेय निवासी अरुण नगर रीवा (म.प्र.) के आवेदन अनुसार भूखण्ड क्रमांक 2/137 कुल क्षेत्रफल 1549.44 वर्गफिट का नामान्तरण श्री कमलेश कुमार साहू पिता श्री शुभलाल साहू निवासी ग्राम पोस्ट डगरदुआ तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

AG

सूडोकु नवताल- 7822

सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7821 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7495



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6	1	2	3	4
1			
2			
3			

6+ 8 + 9 = 23
7+ 8 + 9 = 24
1 +2+ 3 + 4+5 = 15
1 +2+ 3 + 4+6 = 16

काकुरो - 7494 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8892



बाएँ से दाएँ

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र, तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

ऊपर से नीचे

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरबा, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रखैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

शब्द पहेली -8891 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7334



ऊपर से नीचेः-

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, खवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, खवीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7333

गु	रू		खा	मो	शी		आ	स	ग
रू		फ	न		बा	द	शा	ह	
दे	वी		दा	ग		स्त		र	न
व	र	दा	न		म	क	ड़ी		ती
	ता			फॉ	सी			ग	जा
आ		स	जा		हा	र	जी	त	
शि	का	र		आ		क्ष		औ	
क		ग	ब	न		क	ह	र	
	धू	म		बा	जी			दि	ल
पा	प		जी	न	त		डॉ	न	

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7428

7		1	6			
2	25		32	4	36	
	3	2		5	7	6
	27	6	33		39	
4		3		1	2	
5	37		31	7	30	3
6		4		2		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7427 का हल

1	6	5	4	3	7	2
5	33	7	35	1	28	3
4	3	2	7	6	1	5
2	32	3	38	7	32	6
7	5	6	3	4	2	1
6	33	1	31	5	30	4
3	1	4	6	2	5	7

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8448

भा	क	श	त	रं	ज	के	खि	ला	ड़ी	र	
र	च	ल	प	व	जी	ग	द	इ	मा	ली	
त	र	र्म	ल	र	छ	पु	रा	ट	ह	क	
क	स	ज	कु	ह	व	न	लू	ल	म	क	
क	क	दो	र्बा	म	लं	रि	तू	ग	कि	क	
जी	क	ल	नी	कि	झ	पू	श	ण	सी	को	
ती	ज	मा	न	त	प	दे	श	र	से	ल	
क	ता	दा	ई	से	र	क	फ	लो	क	न	
ने	बा	चे	न्न	प	जी	ल	री	ग	म	स्ता	
द	पा	ल	श	व	दा	दा	ऐ	बें	न	शो	
क	क	दे	प	ची	न	रा	बा	द	हीं	ले	

शब्द जाल में अमजद खान की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

शोले, चरस, शतरंज के खिलाड़ी, परवरिश, कुर्बानी, दादा, देश परदेश, हम किसी से कम नहीं, जमानत, लूटमार.

शब्दजाल - 8447 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore